# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 02.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतगणना एवं ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा कस्बा जोगिया उदयपुर में रुट मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 02-06-2024 को थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतगणना एवं ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा कस्बा जोगिया उदयपुर में दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ रुट मार्च कर आम-जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 02.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतगणना एवं ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

◆आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 02-06-2024 को जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतगणना एवं ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 02.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतगणना एवं ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत व जनपद में शांति एवं सुरक्षा-व्यवस्था बनाये रखने व भविष्य मे किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर में "बलवा ड्रिल" का कराया गया पूर्वाभ्यास, शस्त्रों की साफ सफाई व हैण्डलिंग का भी दिया गया प्रशिक्षण।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतगणना एवं ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत व जनपद में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने तथा भविष्य में किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के उद्देश्य से आज दिनांक 02.06.2024 को रिजर्व पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर में पुलिस टीम को दंगा/बल्वा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया व पुलिस बल को दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके सिखाये गये। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ लाठी चार्ज/आँसू गैस के गोले और दंगाईयों पर रबर के गोले/एंटी राइट गन/रबर बुलेट गन/ टीयर गैस गन / हैंड ग्रेनेड / मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चला कर पूर्वाभ्यास किया गया साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास कराया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक, प्रतिसार निरीक्षक व लाइन्स के अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहें।

# प्रेस नोट दिनांक 02-06-2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतगणना के दृष्टिगत स्ट्रांग रुम/मतगणना स्थल का किया गया निरीक्षण।

◆संबंधित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 02-06-2024 को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत मतगणना स्थल/स्ट्रांग रूम नवीन सब्जी मण्डी स्थल का निरीक्षण किया गया तथा मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया गया तथा तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । इस दौरान अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## प्रेस नोट दिनांक 02.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना इटवा पुलिस द्वारा 01 वारंटी को किया गया गिरफ्तार ।**

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री सिद्धार्थ के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी इटवा श्री गर्वित सिंह के कुशल पर्यवेक्षण मे एवं प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी थाना इटवा के नेतृत्व में आज दिनांक 02.06.2024 को मा0 न्यायालय से प्राप्त वारण्ट पर वाद संख्या-3414/2019 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वारंटी को थाना इटवा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण-**

01.बृजभूषण पाण्डेय पुत्र लवकुश पाण्डेय निवासी कपिया लोहटी थाना इटवा सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 रामाकान्त सरोज थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
02.आ0 मुन्नालाल यादव थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 01-06-2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा स्ट्रांग रुम का किया गया निरीक्षण।**

**◆सबंधित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 01-06-2024 को स्ट्रांग रूम नवीन सब्जी मण्डी स्थल व सी0सी0टी0वी0 कैमरों की क्रियाशिलता तथा अन्य बिंदुओं का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सुरक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

सी0सी0टी0वी0 कैमरों की क्रियाशिलता व अन्य बिंदुओं का

**अथक परिश्रम करके माननीय सत्र न्यायालय में विचाराधीन सत्र परीक्षणीय वादों में विगत 12 से 14 माह के अन्दर साक्षीगण को माननीय न्यायालय में साक्ष्य हेतु सीमित**

संसाधनो के बावजूद उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए साक्ष्य लेखबद्ध कराने में सराहनीय योगदान तथा माह फरवरी-2024 में दो मुकदमों में आजीवन कारावास तथा अपने कार्यकाल में कुल 10 मुकदमो मे अभियुक्तो को सजा दिलाए जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाये जाने हेतु उक्त आरक्षी की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए ₹5,000/- व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 03.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

### ◆थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी को किया गया गिरफ्तार।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री सिद्धार्थ के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर श्री सुजीत राय के कुशल पर्यवेक्षण मे एवं थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय थाना उसका बाजार के नेतृत्व में आज दिनांक 03.06.2024 को मा0 न्यायालय से प्राप्त वारण्ट पर वाद संख्या- 136/02 धारा 323/504 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वारंटी को थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण-**

01.रामसुभग मल्लाह पुत्र जग्गू मल्लाह निवासी बसावनपुर थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 नागेन्द्र प्रताप गौड़ थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

02. का0 शशिभूषण सिहं थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।